तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 22.1 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





## खबर संक्षेप

### दिवाली के बाद शहर में लगा कचरे का ढेर



**बिलासपुर।** दीपावली के मौके पर कई दिनों से लोगों ने सफाई अभियान पर जोर दिया था। घर से लेकर सड़क तक चमक रहे थे मगर दीपावली की रात पटाखों कारण सड़कों पर गली मुहल्लों में कूड़ा कचरा फैल गया है। हालांकि कई जगह पटाखों के कचरा हटा दिया गया बावजूद इसके कई जगह पटाखों, जली फुलझड़ी, जले अनार आदि का कूड़ा नजर आ रहा है। यही नहीं पॉलीथिन, गत्ते आदि का कचरा भी जगह-जगह जमा है। कुछ जगह लोगों ने अपने घरों के पास से पटाखों के कागज आदि हटाए मगर उन्हें जमा कर दिया है, जिसे हटाया नहीं गया है। कई जगह सफाई के बाद एक फिर कूड़ा जमा होने लगा है। निगम अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने दीवाली के दिन तक कचरा उठवाया है लेकिन दीवाली के दूसरे दिन अवकाश रहने के कारण कचरा डंप रहा। शहर में बृहस्पति चौक, मध्यनगरी चौक,सरकंडा, पुराना बस स्टेंड, व्यापार विहार,दयालबंद समेत ऐसे कई इलाके हैं जहां कचरा डंप होता रहा।

### बारिश थमी, घट नहीं रहा दिन का तापमान

**बिलासपुर।** पिछले एक सप्ताह से बारिश थम गई है, परन्तु दिन का तापमान कम नहीं हो रहा है। आसमान पर हल्के बादल छाए रहने के कारण उमस और गर्मी अब भी हलाकान कर रही है, हालांकि देर रात हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री दर्ज किया गया। इस माह की शुरुआत से रुक रुककर बारिश हो रही थी, जिससे दीपावली की तैयारी करने वालों को झटके पर झटका लग रहा था, बारिश के कारण बाजार का माहौल भी ठंडा हो गया था। दीपावली के पहले बारिश बंद होने से लोगों को राहत मिली और बाजार में खरीददारी करने वालों की भीड़ बढ़ गई।

### सेवानिवृत्त शिक्षक विद्यालयों में करेंगे निःशुल्क अध्यापन

**बिलासपुर।** जिले के विद्यालयों से सेवानिवृत्त हो चुके प्राचार्य, व्याख्याता एवं शिक्षक अब विद्यालयों में बच्चों को निःशुल्क पढ़ाएंगे। यह शैक्षिक अध्यापन कार्य पूर्णता निशुल्क होगा तथा सत्र के अंत में जिला प्रशासन के द्वारा इन शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विगत कुछ वर्षों में सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों से अपील की है कि जो शिक्षक सेवानिवृत्ति के उपरांत भी अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिले में शिक्षा का अलख जगाने के लिए कक्षा अध्यापन करना चाहते हैं, वे स्वैच्छिक कक्षाध्यापन कर सकते है।

### सहकारी समिति का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** बजरंग प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी समिति मर्यादित तिलक नगर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 11 होगी। नामांकन पत्र 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच एवं सूची का प्रकाशन 2 नवम्बर, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन एवं निर्वाचन चिन्हों का आबंटन 3 नवम्बर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

## इस बार महंगे हुए पटाखे, लेकिन कम नहीं हुआ क्रेज, 40 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दीपावली के मौके पर न्यायधानी के पटाखा बाजार देर रात तक खुले रहे। लोग रात 11 बजे के बाद भी पटाखा खरीदने दुकानों में आते दिखे। कारोबारियों के मुताबिक, इस बार करीब 40 करोड़ से अधिक के पटाखे अकेले बिलासपुर में बिके हैं। जबकि इन पटाखों की कीमत में 10 से 20 तक इजाफा हुआ था। पूरे छत्तीसगढ़ में यह कारोबार 400 से 500 करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है।



- इस साल 10 से 15 फीसदी तक का इजाफा हुआ है, लेकिन ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई

कारोबारियों के मुताबिक पटाखों के दाम में इस साल 10 से 15 फीसदी तक का इजाफा हुआ है, लेकिन ग्राहकों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। बाजार में छोटे से लेकर बड़े सभी तरह के पटाखों की कीमतें बढ़ी , इसके बावजूद खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ी। कारोबारियों ने बताया कि, पिछले साल 90 रुपए में मिलने वाला अनार इस बार 100 रुपए का हो गया था। वहीं 200 रुपए का बम पैकेट अब 230 में बिका। इसके साथ ही स्काई शॉट्स की अच्छी खासी डिमांड रही है।

### छोटे कारोबारियों ने भी किया पचास हजार तक का व्यापार

लाइसेंसधारी दुकानों के अलावा बिलासपुर और अन्य शहरों में कई लोग बिना लाइसेंस के ठेलों पर और थोक में अवैध तरीके से भी पटाखों की बिक्री की है। इन छोटे कारोबारियों ने भी 50 हजार तक मुनाफा आसानी से कमाया है।

### 200 से अधिक लाइसेंस वाली दुकानें

गौरतलब है कि जिले में 200 से ज्यादा लाइसेंसधारी पटाखा दुकानें हैं। बिक्री में आए उछाल का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शहर की बड़ी दुकानों में दीपावली पर 40 से 80 करोड़ रुपए तक का कारोबार हो गया है। छोटी दुकानों ने भी आसानी से दस से बीस लाख रुपए का व्यापार किया है। दुकानदारों के मुताबिक पटाखों की बिक्री केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। प्रदेश के सभी गांवों और कस्बों तक कारोबार फैला रहा। लाइसेंसधारी के अलावा, छोटे गांवों में किराना दुकानों पर भी पटाखे बिके।



बिलासपुर। दीपावली के बाद छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। इस सिलसिले में श्रद्धालुओं के लिए छठघाट में आकर्षक लाइटिंग की गई है।

## सीपत थाने के टायलेट में पीएम व सीएम का बैनर हटाए गए थानेदार

**बिलासपुर।** टायलेट में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का बेनर लगने पर सीपत थानेदार को हटा दिया गया है। इसी तरह पचपेड़ी थानेदार को भी हटाया गया है। टीआई, एसआई, एएसआई सहित 44 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है।

तीन दिन पूर्व सीपत थाने के टायलेट में सुशासन अभियान के तहत बनाया गया बैनर लगा दिया गया था, इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तस्वीर लगी थी। लोगों की सूचना पर सीपत क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने थाने में जाकर देखा तो उक्त बैनर वहां लगा हुआ था। भाजपा नेताओं ने इसका वीडियो बनाकर हंगामा मचाया और थानेदार को हटाने की मांग की। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने भाजपा नेताओं को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। पूर्व में सीपत थाने के एएसआई सहेत्तर कुर्रे द्वारा एक व्यवसायी से आनलाइन 24 हजार रुपए रिश्वत लेने का मामला भी सामने आया था। इसी तरह 17 अक्टूबर को पचपेड़ी थाना के आरक्षक गजपाल जांगड़े का 1 लाख 5 हजार रिश्वत के रुपए गिनते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उस दौरान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया था। 22 अक्टूबर को एसएसपी रजनेश सिंह ने सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी को हटाकर रेंज स्तरीय साइबर थाना व पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण कुमार टण्डन को हटाकर सरकण्डा थाना तबादल किया है।

- पचपेड़ी थानेदार को भी हटाया गया
- टीआई, एसआई, एएसआई सहित 44 पुलिसकर्मियों का तबादला

**इन्हें भी हटाया गया :** रेंज स्तरीय साइबर थाना में पदस्थ टीआई राजेश मिश्रा को सीपत व बेलगहना चौकी प्रभारी राज सिंह को पचपेड़ी नया थाना प्रभारी बनाया गया है। कोनी टीआई राहुल तिवारी को पुलिस नियंत्रण कक्ष व मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी भावेश सेंडे को कोनी थाना, महिला थाना में पदस्थ एसआई हेमंत सिंह को बेलगहना चौकी व सरकण्डा थाने में पदस्थ एसआई अवधेश सिंह को मल्हार चौकी व मल्हार चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान को मोपका पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी बनाया गया है। इस तरह से टीआई, एसआई, एएसआई हवलदार व आरक्षक सहित 44 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है।

### नशे में बच्चों से गाली- गलौज की गई, अभिभावकों में आक्रोश

## सामाजिक अंकेक्षण के दौरान स्कूल में मुर्गा और शराब की पार्टी, दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी विकासखंड के ग्राम रहटाटोर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक विद्यालय समय में ही शराब और मुर्गा पार्टी करते पाए गए। इस दौरान नशे में धुत शिक्षकों ने मासूम बच्चों के साथ गाली-गलौज की, जिससे बच्चे सहम गए और पालकों को पूरी बात बताई। स्थानीय अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों को तत्काल हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले भी इन शिक्षकों की शिकायतें शिक्षा विभाग तक पहुंची थीं, मगर कार्रवाई के बजाय विभाग ने हमेशा इन्हें बचाने का काम किया है।



निलंबित शिक्षक

- मस्तूरी के ग्राम रहटाटोर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का मामला

दरअसल मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला रहटाटोर में 4 शिक्षक पदस्थ हैं। स्कूल में 145 बच्चे अध्ययनरत है। वहां सामाजिक अंकेक्षण के दौरान पहुंचे अधिकारी के लिए मुर्गा और शराब की व्यवस्था की गई और स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के द्वारा पार्टी की गई। स्कूल समय मे हुई इस पार्टी के बाद उक्त शिक्षकों ने बच्चों के साथ गाली गलौज भी की जिसकी जानकारी बच्चो ने पालकों और जनप्रतिनिधियों को दी। इसके बाद यह मामला उजागर हुआ है।

### सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक सस्पेंड

इस मामले के तुल पकड़ने के बाद जिला शिक्षा विभाग अधिकारी विजय तांडे ने मस्तूरी ब्लाक के बीईओ को जांच के लिए भेजा। जांच समिति भी बनाई गई। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि वायरल वीडियो सही है और स्कूल समय में शिक्षक द्वारा मुर्गा और दारू पार्टी की गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए डीईओ श्री तांडे ने ग्राम रहटाटोर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक राजेश्वर मरावी व सहायक शिक्षक (एलबी) मनोज कुमार नेताम को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय ओखर स्कूल में रखा गया है। हालांकि इस मामले में बाकि शिक्षकों और सामाजिक अंकेक्षण में पहुंचे अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करने को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं।

### स्कूल की सफाई तक बच्चों से करवाते हैं

बच्चों के मुताबिक विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें अतिथि के स्वागत के नाम पर प्रधानपाठक राजेश्वर मरावी और शिक्षक मनोज नेताम ने विद्यालय परिसर में ही शराब और मुर्गे की व्यवस्था की। मध्यान भोजन रसोइयों से भोजन तैयार कराया गया और कार्यालय कक्ष में बैठकर तीनों शिक्षकों ने विद्यालय समय में शराब पी। उस वक्त बच्चे और महिला रसोइयां भी मौजूद थीं। बच्चों ने आरोप लगाया है कि ये शिक्षक आए दिन नशे की हालत में स्कूल आते हैं, कक्षाओं में गुटखा-खैनी खाते हैं और स्कूल की सफाई तक बच्चों से करवाते हैं।

### की गई है कार्रवाई

मामले में शिकायत मिलने के साथ ही मस्तूरी ब्लाक के बीईओ को जांच के लिए भेजा। जांच समिति भी बनाई गई। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि वायरल वीडियो सही है और स्कूल समय में शिक्षक द्वारा मुर्गा और दारू पार्टी की गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक राजेश्वर मरावी व सहायक शिक्षक मनोज कुमार नेताम को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में अभी और जांच जारी है।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

## दिवाली की छुट्टी में खुला हाईकोर्ट, छात्रहित के मामले में सुनाया फैसला

**बिलासपुर।** दिवाली अवकाश के बीच हाईकोर्ट खुला और छात्रहित के एक मामले में फैसला सुनाया गया। हाईकोर्ट ने जीएनएम से बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में अपग्रेड कॉलेजों को काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल करने का आदेश दिया है। साथ ही काउंसिलिंग की तिथि 26 अक्टूबर तक बढ़ाने का आदेश भी दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में हुई।



जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड कालेजों को बड़ी राहत

याचिका के मुताबिक पिछले 4 साल से जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड हुई सीटों पर एडमिशन दिया जा रहा था लेकिन, इस बार बिना किसी कारण और कॉलेजों को सूचना दिए बगैर ही मेडिकल एजुकेशन विभाग ने जीएनएम पाठ्यक्रम वाले कॉलेजों को काउंसिलिंग से बाहर कर दिया है। द एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट नर्सिंग एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट ने शासन के इस फैसले के खिलाफ मोर्चा खोला और विरोध किया गया। याचिका में कहा गया कि बिना सूचना के कुछ कॉलेजों को काउंसिलिंग से बाहर किया गया है जबकि, यह सीटें नियमानुसार अपग्रेड हुई थी। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव और आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से मिलकर भी बात रखी गई, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला।

### अर्जेंट सुनवाई का आग्रह स्वीकार

मेडिकल एजुकेशन विभाग के इस फैसले के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की तरफ से दायर याचिका में बताया गया कि भारत के राजपत्र में स्पष्ट उल्लेख है कि अपग्रेडेशन के संबंध में राज्य शासन ने अनुमति की आवश्यकता नहीं है। फिर भी मनमाने तरीके से अपग्रेडेड कॉलेजों को काउंसिलिंग से बाहर रखा गया है। काउंसिलिंग की तिथि समाप्त होने और छात्रों के भविष्य को देखते हुए इस मामले की अर्जेंट सुनवाई का आग्रह भी किया गया। इसे हाईकोर्ट ने स्वीकार करते हुए दिवाली अवकाश के बीच मामले की सुनवाई की। इस दौरान जस्टिस अरविंद वर्मा ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपग्रेडेड कॉलेजों को काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शामिल करने का आदेश दिया। साथ ही काउंसिलिंग की तिथि 26 अक्टूबर तक बढ़ाने कहा है। ताकि विद्यार्थियों को इन कॉलेज चुनने का मौका मिल सके।

### वेणुगोपाल, पायलट के साथ मीटिंग में महंत, बैज, भूपेश व सिंहदेव होंगे शामिल

## शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन लिए नेता दिल्ली तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत नए शहर कांग्रेस व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन के लिए 23 अक्टूबर को दिल्ली में मिटिंग होगी, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बड़े कांग्रेस नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और टीएस सिंहदेव को दिल्ली बुलाया गया है। ये सभी नेता दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के साथ मिंटिंग में शामिल होंगे।

- दिल्ली में बड़े नेता रखेंगे अपने पसंदीदा अध्यक्ष पद के दावेदरों का नाम

संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा पर्यवेक्षक भेजकर जिला स्तर पर रायशुमारी कर ली गई है और दावेदारों के आवेदन भी जमा कराए गए हैं। पार्टी की ओर से केन्द्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा जिला स्तर पर एक्सरसाईज पूरी कर ली गई है और अब दिल्ली स्तर पर उठापटक चल रही है। संगठन सृजन अभियान तहत नए शहर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष चयन के लिए कांग्रेस के प्रदेश के बड़े नेताओं की भी राय ली जाएगी। इसी के लिए गुरुवार को दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से एक मिटिंग रखी गई है। इस मिंटिंग के लिए छत्तीसगढ़ के कांग्रेस बड़े नेताओं को भी बुलाया गया है। इसलिए कुछ बड़े नेता बुधवार को ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। यह मिंटिंग अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ होगी, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव शामिल होंगे। इस मिंटिंग में इन बड़े नेताओं से शहर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के दावेदारों के बारे में राय ली जाएगी और उनके द्वारा भी अपने पसंद के अध्यक्ष पद के दावेदारों का नाम मिंटिंग में रखा जा सकता है।

### 6-6 नामों के पेनल पर होगा विचार

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान तहत बिलासपुर जिला में शहर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद के लिए रायशुमारी और वन टू वन करके केन्द्रीय पर्यवक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की टीम पिछले दिनों वापस लौट चुकी है। वे यहां 10 अक्टूबर को अपनी टीम के साथ आए थे और लगातार तीन दिनों तक मिंटिंग रायशुमारी किए। केन्द्रीय पर्यवेक्षक द्वारा सभी विधानसभाओं में जाकर विधानसभावार कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई और हरेक विधानसभा के नेता, पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं और दावेदारी से भी वन टू वन एवं ग्रुप में मिलकर रायशुमारी की गई। इस दौरान शहर अध्यक्ष और ग्रामीण अध्यक्ष के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन देकर कांग्रेसजनों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इन दावेदारों के आवेदन को शार्टलिस्ट करके 6-6 नामों का पेनल तैयार किया गया है। शहर अध्यक्ष के लिए 6 दावेदारों के नाम का पेनल तथा ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए भी 6 दावेदारों का पेनल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में रखा जाएगा।

### शहर अध्यक्ष के लिए 14 दावेदार

शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनने 14 लोगों ने दावेदारी की है। इनमें महेश दुबे, शेख नजरूद्दीन, रामशरण यादव, शैलेन्द्र जायसवाल, सीमा पांडेय, स्वर्णा शुक्ला, सिद्धांशु मिश्रा, दीपांशु श्रीवास्तव, शिवा मिश्रा, विनोद साहू, राजकुमार तिवारी, नरेन्द्र बोलर, अमित तिवारी, अमृतांश शुक्ला समेत पूर्व विधायक शैलेष पांडेय भी शहर अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल हैं।

### ग्रामीण अध्यक्ष के लिए 30 दावेदारों के नाम

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण बनने के लिए 30 दावेदारों की भीड़ है। इनमें कृष्ण कुमार यादव, भुवनेश्वर यादव, आशीष सिंह, शिवबाला कौशिक, आत्मजीत सिंह मक्कड़, राजेन्द्र शुक्ला, जगदीश कौशिक, लक्ष्मीनाथ साहू, संदीप शुक्ला, राजेन्द्र साहू, त्रिलोक श्रीवास, नीरज जायसवाल, विमल अग्रवाल, आदित्य दीक्षित, महेन्द्र गंगोत्री, किरण तिवारी, दिलीप पाटिल, अशोक शुक्ला, अनिल सिंह चौहान, प्रमोद नायक, सीमा धृतेश, विनय शुक्ला, प्रदीप ताम्रकार, मनोहर कुर्रे, रविन्द्र सिंह, राजेन्द्र धीवर, वीरेन्द्र शर्मा, भैरव चतुर्वेदी, गीतांजलि कौशिक सहित मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया भी दावेदारों में शामिल हैं।


बिल्हा के माटीपुत्र, संगठन के सशक्त हस्ताक्षर, कुशल संगठनकर्ता, सहज, सरल एवं मिलनसार...
मान. श्री भूपेन्द्र सवन्नी जी
अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) केबिनेट मंत्री दर्जा छत्तीसगढ़ शासन
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 अक्टूबर
जिला पदाधिकारी
जिला कार्य समिति
निर्वाचित जनप्रतिनिधि
मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री
प्रबुद्धजन
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी-सरगांव मण्डल, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र


सागर बंजारे
जिला अध्यक्ष सतनामी समाज
बिलासपुर
संदीप वर्मा
जिला उपाध्यक्ष कुर्मी समाज
बिलासपुर
हरीश साहू
मंडल अध्यक्ष
तिफरा/सिरगिट्टी
धीरज यादव
जिला सचिव यादव समाज
बिलासपुर
अनुशासन, पार्टी निष्ठा एवं कार्यशक्ति के प्रतिक,
संगठन शिल्पी
मा. श्री भूपेन्द्र सवन्नी जी
(क्रेडा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री दर्जा)
आपको जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नीरज यादव
जिला प्रशिक्षण प्रमुख भाजयुमो, बिलासपुर
मो. 9826314444
शुभकामनाओं सहित- नीरज यादव, जिला प्रशिक्षण प्रमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा का पर्व



**मुंगेली।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गाय की पूजा की तथा उन्हें खिचड़ी खिलाकर गोवर्धन की पूजा की। दीपावली के दिन एक ओर जहां चारों ओर रौनक रही। वहीं दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जोर-शोर से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के दिन ग्रामीणों द्वारा अपने गाय की पूजा की गई तथा उन्हें खिचड़ी, जिमीकंद, मिठी खिचड़ी आदि खिलाई गई।

### लगरा में निकली काली की खप्पर यात्रा



**लोरमी।** ग्राम लगरा मे महामाया लक्ष्मी उत्सव समिति के तत्वावधान में मां काली का द्वितीय वर्ष भव्य खप्पर यात्रा निकाली गयी। श्रद्धालुओं सहित आसपास के गांवों से भी भक्तगण शामिल होकर मां काली का दर्शनलाभ प्राप्त किये मौके पर सुरक्षा व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन को सफल बनाने हेतु मोके पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की। आयोजक समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, कोमल चंद्राकर, संजय चंद्राकर, रूपेश चंद्राक,मनू चंद्राकर, मोनू चंद्राकर, रघुवंश तिवारी, टेकू चंद्राकर, भुवनेश्वर चंद्राकर ,धर्मेंद्र मरकाम ,सौरभ चंद्राकर, ,पंकज शर्मा ,पीलाराम चंद्राकर,धनेश्वर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जमुनाही प्राथमिक शाला में मनी दीपावली



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में रोशनी का पर्व दीपावली बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षक बच्चे सभी हाथों में थाल लेकर दीपक सजा कर दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाए। बच्चों ने पटाखे फोड़े आतिशबाजी की। दीपावाली पर्व को लेकर बच्चे काफी उत्साहित रहे। शाला परिसर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था। तथा माता लक्ष्मी की पूजा आराधना की गई। बच्चों को दीपावाली का त्यौहार प्रत्येक वर्ष की कार्तिक अमावस्या को मनाए जाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, आंगन बाडी कार्यकर्त्ता रामकुमारी साहू , त्रिभूवन साहू , जलेश्वरी निषाद , ललिता यादव सहित बडी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

### दादी मंदिर में अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा



**करगी रोड कोटा।** नगर के मध्य स्थित दादी मंदिर परिसर के राधा-कृष्ण मंदिर में पारंपरिक अन्नकूट एवं गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। पूजन-अर्चना उपरांत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया मंदिर के पुजारी नेम शर्मा एवं उनके पुत्र राधे शर्मा ,शुभम शर्मा ने धार्मिक विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। कार्यक्रम का आयोजन दादी मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वावधान में किया गया। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष फूलचंद गुप्ता ने कहा कि "ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं और समाज में एकता व सद्भाव का संदेश देते हैं।

### कोटा में दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**करगी रोड कोटा।** नगर में दीपों का त्योहार दीपावली हर्षोल्लास एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।



सुबह से ही लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई, रंगोली सज्जा एवं दीप प्रज्वलन कर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की। संध्या के समय नगर की गलियां और चौक रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। जगह-जगह पटाखों की आवाज़ और दीपों की लौ से पूरा नगर उत्सवमय वातावरण में डूब गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलजुलकर इस पावन पर्व का आनंद लिया। मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन से,चंडी चौक, जय स्तम्भ चौक मार्ग आदि में विशेष रौनक देखने को मिली।

## देर रात तक सुनाई देते रहे पटाखों के धमाके

# दिवाली पर हुई महालक्ष्मी की पूजा, घरों में सजी रंगोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महालक्ष्मी पूजन का महापर्व दीपावली का त्यौहार घर-घर में श्रद्धा और उमंग की रोशनी के साथ दो दिन मनाया गया। इस अवसर पर गणेश महालक्ष्मी का पूजन किया गया। घर-घर में रंगोलियां सजाई गई। देर रात्रि तक पटाखे जलते रहे। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी एवं मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई।

कार्तिक अमावस्या को महालक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली मनाया गया। विधिवत पूजन करते हुए मां की कृपा पाने के लिए वैदिक विधियों से पूजा की गई। दीपों से घर की सजावट कर मां लक्ष्मी का आव्हान करते हुए सुख-समृद्धि की कामना पूरे परिवार वाले मिलजुल कर पूजा करते रहे। घर की रंगोली, फूलों से सजावट व बच्चे पटाखे जलाकर त्योहार मनाते रहे। महालक्ष्मी पूजन के महापर्व पर



दीपावली पर फुलझड़ी जलाते परिवार।

लक्ष्मी गणेश के साथ-साथ बहीखातों की भी पूजा की जाती है। दीप पर्व पर इलेक्ट्रानिक्स झालर के स्थान पर परंपरागत मिट्टी के दीपों की मांग बनी रही। अधिकांश घरों एवं दुकानों प्रतिष्ठानों में मिट्टी के दिए नजर आए। फटाका दुकानों में बटर फ्लाई, पिक-पॉक, मिर्च पटाखे, लड़ी बम, बुलेट बम, चटाई बम, अनार, रॉकेट, गैस लाईट, फुलझड़ी, चकरी, ड्रेंगन बम, सुतली बम, डबल शॉट, ट्रिपल शॉट, लहसुन बम, पैराशूट बम, गुब्बारा जैसी बहुत सी वेरायटी बिकी। बाजार में अनार बम व अनार ही ज्यादा फूटते नजर आए। फटाके फोड़ने का दौर देर रात तक चलते रहा। कई स्थानों पर प्रतिबंधित तेज आवाज वाले फटाके फोड़ते नजर आए। दीपावली मां लक्ष्मी की दीप वाली मूर्ति की विशेष पूजा की गई। इसमें नौ सात व पांच दीप थे। दीपावली में इसी दीप को जलाकर मां लक्ष्मी की आराधना की जाती है। इसके साथ ही पूजा के लिए मिट्टी के दीप भी उपयोग में लाए जाते है। वहीं बाजार में दीपावली के लिए आरती की थाल तैयार की गई थी। इसमें दीप के साथ लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, अगरबत्ती स्टैण्ड व तिलक दान रखा गया था। दीपावली पर्व पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जुएं का दौर भी चलते रहा। पुलिस की कार्यवाही जारी रही।

## गौरा गौरी उत्सव में शामिल हुए तोखन



**मुंगेली/लोरमी।** ग्राम कंतेली में आदिवासी समाज की ईष्ट देव में ईसर राजा गौरी-गौरा का दीपावली त्यौहार की इस पवन पर्व में बडी ही उमंग और उत्साह के आदिवासी समाज के इस वर्ष भव्य रूप से इस उत्सव को मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्दीय मंत्री तोखन साहू की अध्यक्षता घनश्याम सिंह मरकाम (पीला बाबा) पूर्व जमींदार- (राजा साहब) एवं अध्यक्ष राजमाता पिनांक कुमारी देवी आदर्श देवगुड़ी (पेनठाना) समिति - अति विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

समाज को सम्बोधित करते केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने कहा कि आदिवासी समाज की परम्परा, रीति रिवाज, संस्कृति, बहुत ही प्राचीन एवं प्रकृति शक्ति की पुजारी है , इस समाज ने अन्य सभी समाजों को अहसास दिलाता है की पंच तत्वों के बिना कुछ भी नही ईसर राजा गौरा गौरी की पूजा अर्चना और दर्शन मात्र से ही जीवन कृतार्थ हो जाते है। राजमाता पिनांक कुमारी देवी आदर्श देवगुड़ी पेनठाना समिति कंतेली के सचिव- जिगेश्वर सिंह ध्रुव द्वारा आदिवासी समाज की मांगों को रखा। इस कार्यक्रम में आदिवासी समाज को दिवाली त्यौहार की उपहार स्वरूप मांग को स्वीकार करते हुए आदिवासी समाज को सांस्कृति मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख राजमाता पिनांक कुमारी देवी आदर्श देवगुड़ी पेनठाना समिति कंतेली को देने की घोषणा की। आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार मरावी ने अपने समाज को सम्बोधित करते हुए समाज की रीति रिवाजों, बूढ़ादेव की शक्ति, ईसर राजा गौरा गौरी की शक्ति, समाज की ताकत, संवैधानिक अधिकार, समाजों की संस्कृती एवं शिक्षा पर विशेष कर अपने व्यक्तव्य से लोगो के बीच अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मानिक सोनवानी, संतोष चतुर्गोष्ठी अश्वनी चन्द्राकर, पुनीत मरावी, उमेंद ध्रुव,मनीष ध्रुव, धनी राम जगत, दीपक जगत, दीप जगत, सीता राम जगत, संतोष नेताम, धनंजय जगत, तीजराम मरावी उपस्थित रहे।

## अंचल में धूमधाम से मना दीपावली का त्यौहार





**पथरिया।** नगर सहित क्षेत्र में दीपों का त्योहार दीपावली परंपरागत तरीके एवं हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इसकी तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी। लेकिन सोमवार को जैसे ही शाम पूरा जिला रोशनी के आगोश में समा गया, लोगों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी को और बढ़ाया।

इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। शाम होने के साथ ही सबसे पहले लोगों ने मां लक्ष्मी और गणेश की पूजा की। इस अवसर पर मंदिरों एंव घरो दुकानों को भव्य रूप में सजाया गया था। जहां शाम से ही भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया था। बच्चों ने जमकर पटाखे फोड़े।दीपावली को लेकर हर ओर उत्साह शाम होते ही रोशनी से नहा उठा गांव से शहर, हर घर सजावट बाजारों में उत्साह और उमंग के साथ सराफा, बर्तन, मिठाई, कपड़े आदि की दुकानें सजी रही। जिधर, देखिए उधर धूम धड़ाका वाला माहौल रात भर चहल पहल का वातावरण बना रहा। कारोबार जगत मां लक्ष्मी की पूजा आगमन को लेकर रात भर अपने प्रतिष्ठानों में धन, धान्य वैभव के प्रतीक अर्थात माता लक्ष्मी की आराधना में जुटे रहे। प्रशासन की सख्ती के वजह से इस बार ताश के खेल पर लगाम लगा रहा। दिन मंगलवार को नगर में पारंपरिक तरीके से गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। प्रत्येक वर्ष दीपावली और लक्ष्मी पूजा के बाद मनाया जाता है। विशेष तौर पर भगवान शिव पार्वती की पूजा-अर्चना और उनके विवाह की रस्म निभाई जाती है। भक्त बड़ी संख्या में धूमधाम से खुद बाराती बनकर माता पार्वती और शिव जी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। इसी तरह दिन बुधवार को भक्ति और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा की गई।नगर से लेकर गांवों तक सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार आंगनों में गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाई और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। एंव घरो में गौ माताओं को अन्न खिलाया गया।

## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में मनाया पर्व



**मुंगेली।** दीपों के पर्व दीपावली का सच्चा अर्थ है अंधकार से प्रकाश की ओर, उदासी से उमंग की ओर और स्वार्थ से सेवा की ओर बढ़ना। इसी भावना को साकार करते हुए जिले के कलेक्टर कुन्दन कुमार सपरिवार जिले के वृद्ध आश्रम, बाल गृह और सियान सदन पहुंचकर वहां निवासरत बुजुर्गों और बच्चों के बीच दीपावली का पर्व मनाया।

कलेक्टर दंपती के पहुंचते ही इन संस्थानों में उल्लास का माहौल बन गया। बच्चों ने रंगोली से परिसर को सजाया था, वहीं बुजुर्गों ने आत्मीय मुस्कान से अपने "परिवार" जैसे मेहमानों का स्वागत किया। कलेक्टर ने वृद्धजनों एवं बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि "दीपावली का असली आनंद तभी है जब हम समाज के उन सदस्यों के साथ खुशियां साझा करें जो हमारे स्नेह और साथ के आकांक्षी हैं।" इस दौरान कलेक्टर एवं उनकी धर्मपत्नी ने अपने हाथों से वृद्धजनों और बच्चों को मिठाई, फटाके, कंबल, साड़ी, कुर्ता और अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट कीं। उपहार पाकर सभी के चेहरे पर अपार खुशी और अपनापन झलक उठा। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम एवं सियान सदन के निवासियों से उनके स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आश्रमों में रह रहे सभी बुजुर्गों और बच्चों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व केवल योजनाएं लागू करना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में खुशियां पहुंचाना भी है।

## मल्हार पुलिस की अनूठी पहल



**मल्हार।** दीपावली पर्व पर मल्हार चौकी में अनूठी पहल, मिठाई बांटकर नागरिकों व ग्रामीणों के साथ दीपावली मनाई गई। दीपोत्सव पर पहली बार पुलिस चौकी को भव्य रूप से आकर्षक लाइट से सजाया गया था जो लोगो मे चर्चा का विषय बना।

पुलिस चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान ने बताया कि पुलिस चौकी को दीपावली के लिए सजाया गया और नगरवासियों को मिठाई वितरण किया गया, जो कि सामुदायिक सद्भाव और उत्सव की भावना को दर्शाता है, ऐसा आयोजन स्थानीय पुलिस और नगरवासियो समुदाय के बीच मजबूत संबंध बनाने में मदद करता है। पुलिस चौकी को दीपावली त्यौहार के अनुरूप सजाया गया इसके लिए रंग बिरंगी रोशनी दीये जैसे पारंपरिक सजावटी समानो का इस्तेमाल किया गया, चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान व पुलिसकर्मियों ने नगरवासियो, ग्रामीणों के साथ खुशियां मनाई और मिठाई सहित जरूरत मंद लोगो को कपडे भी वितरण किया गया, इस तरह की पहल से स्थानीय निवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सद्भावना की भावना बढती है। ऐसा पहल यह दर्शाता है कि पुलिस न केवल कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, बल्कि सामुदायिक त्यौहार में भी सक्रिय रूप से भाग लेती है।

## पुलिसकर्मियों ने बैगा परिवारों के साथ की खुशियां साझा

**लोरमी।** पुलिस विभाग ने दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के ग्राम बहाउड़ में 88 बैगा परिवारों और उनके करीब 260 बच्चों के बीच दीपावली पर्व की खुशियां साझा की। उन्होंने गोवर्धन पर्व के उपलक्ष्य में मिठाई, चॉकलेट और पटाखे वितरित किए। यह दृश्य किसी उत्सव मनाया।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि यह पहल न केवल त्यौहार की खुशियाँ साझा करने के लिए है, बल्कि ग्रामीण और वनवासी समुदायों में पुलिस की मानवीय छवि को मजबूत करने का भी प्रयास है। उन्होंने कहा "पुलिस केवल अपराधियों से निपटने वाली संस्था नहीं है, बल्कि समाज का वह अंग है जो हर नागरिक की खुशी, सुरक्षा और सम्मान का रक्षक है। हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग तक यह संदेश



पहुँचे कि पुलिस आपकी अपनी है। ग्राम बहाउड़ के खुले मैदान में बच्चों ने उत्साहपूर्वक पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगीन कपड़ों में दीप जलाए, गीत गाए और अपने हाथों से बने दीये पुलिस अधिकारियों को भेंट किए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल और उनकी टीम ने मिठाइयां, चॉकलेट, एवं छोटे पटाखे वितरित किए। बच्चे और परिवारजन इस खुशी में झूम उठे। ग्रामीणों ने बताया कि पहली बार ऐसा अवसर आया है जब पुलिस उनके गांव में त्योहार मनाने पहुंची है।

## आन्तरिक रोशनी का त्यौहार है दिवाली

**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुख शांति भवन मे दीपावली का त्योहार बड़े ही ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए संस्था प्रभारी ममता दीदी ने दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि दीपावली वास्तव में बाहरी रोशनी नहीं आन्तरिक रोशनी का त्यौहार है और अंदर का उजाला केवल सत्य ज्ञान और सत्य पिता को ध्यान करने से आता है।



सतयुग में सभी मनुष्यों की आत्मा की ज्योति जगी हुई होती है इसलिए वहां सुख, शांति सम्पत्ति से सभी भरपूर थे लेकिन अभी कलियुग में सभी मनुष्यों की आत्मा को ज्योति बुझ गई है इसलिए जीवन में अनेक दुःख, परेशानी, चिंता ,तनाव बीमारी से ग्रसित मनुष्यों का जीवन अंधकारमय हो गया है। अब पुनः परमपिता परमात्मा इस धरा पर आकर आत्मज्ञान देकर आत्मा की ज्योति ज्ञान घृत से प्रज्जवलित कर रहे है जिससे जीवन फिर से खुशहाल हो जाती है। दीदी ने बताया कि ३दियार३ का अर्थ है देना हमें सभी को सच्चा स्नेह देना है, सुख देना है, शांति देना है तब यह जीवन प्रकाशमय होगा। दीवाली में हम बाहर की सफाई बहुत करते हैं। लेकिन अंदर मन की सफाई भी जरूरी है दुसरो के प्रति मन में जो दुर्भावना है उसे खत्म करके शुभभावना रखकर सच्ची दिवाली मनाना है। सभी ने दीप जलाकर मन के अंधकार को खत्म करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, देवचरण यादव , राजाराम कश्यप, संध्या कश्यप, चंचल बहन, अशोक कश्यप, महेन्द्र कश्यप, कुमुदनी धीवर, विनोद अग्रवाल, टिंकू अग्रवाल, अंजुलता गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, शीतलेश धीवर, मणिशंकर, टार्जन ,रामप्रसाद साहू, अश्वनी सहित बड़ी संख्या मे भाई बहनें उपस्थित रहे।

## 214 जुआरियों से एक लाख 34 हजार जब्त

**मुंगेली।** दीपावली पर जुआ खेलते 55 प्रकरण में 214 जुआरियों के विरूद्ध कार्रवाई कर 52 पत्ती ताश, नकदी 1,34,975 रुपए जब्त किया गया है।

एसपी भोजराम पटेल द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनजर असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से जुआ खेलने वालो के विरूद्ध ऑपरेशन बाज अभियान चलाया गया। 18 से 21 अक्टूबर तक ऑपरेशन बाज के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते घेराबंदी कर जुआड़ियानों के विरूद्ध जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई। जिले के समस्त थाना, चौकी में जुआड़ियानों को रूपये पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआ कार्रवाई जरहागांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरेला मे जुआड़ियान चन्द्र कुमार पटेल, जुग्गू धुरी, अजय पटेल, संदीप पटेल, प्रियांशु पटेल, जलेश्वर पटेल, भांगी पटेल, दिलेश पटेल, रमेश्वर पटेल से कुल नगदी 2600 रूपए, ग्राम खम्हरिया मे जुआड़ियान प्रतिम पात्रे, सतीश कुमार रात्रे, सुद्धू रात्रे, अर्जनु मिरी, शिवकुमार यादव, तोप सिंह रात्रे, भगवती यादव से नगदी जुमला रकम फड़ एवं पास से 2530 रूपये, ग्राम सोढ़ार मे जुआड़ियान यशवंत



मसीह, दिनेश पात्रे, नरेन्द्र पाटले, अजय कुमार पात्रे, मोतीलाल, बबलू पात्रे से कुल नगदी 7700 रूपये, ग्राम केशरूवाडीह मे जुआड़ियान, अमन साहू, कौशल उर्फ पप्पू विश्वकर्मा, प्रेम लाल साहू, मोनू पटेल, सुरज कुर्रे, लक्ष्मीनारायण टण्डन, रामखिलावन कुर्रे, अशवंत मिरी से 2750 रूपये, ग्राम फरहदा मे जुआड़ियान, दुकालू राम साहू, परमानंद साहू, रमेश कुमार भास्कर, मनीष पहारे से 1290 रूपये, ग्राम ढोढ़मा मे जुआड़ियान, परमेश्वर कुर्रे, राजेश लहरे, अजय कुमार कुर्रे, सुखनंदन यादव से 530 रूपये, ग्राम ठकुरीकापा मे जुआड़ियान, नंदकुमार पटेल, किशोर पटेल, राकेश यादव, भुनेश जायसवाल, रमन जायसवाल, मोनू साहू, सुमन ध्रुव, ननकू सोनकर, धर्मेन्द्र साहू से 2260 रूपये, ग्राम केशरूवाडीह मे जुआड़ियान, अमन साहू, कौशल उर्फ पप्पू विश्वकर्मा, प्रेम लाल साहू, मोनू पटेल, सूरज कुर्रे, लक्ष्मीनारायण टण्डन, रामखिलावन कुर्रे, अशवंत मिरी से 2750 रूपये कुल 13 प्रकरण मे 55 जुआड़ियान से 22410 रूपये फड़ एवं पास से जप्त किया गया।

थाना सरगांव क्षेन्त्रान्तर्गत ग्राम बडियाडीह मे तामेश्वर निषाद, चुकेश यादव, संजू निषाद, अशोक, गमखिलावन, संजय निषाद के कब्जे से 02 प्रकरण मे 3180 रूपये व थाना चिल्फी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कान्हारकापा मे जुआड़ियान श्रीराम साहू, कमलेश साहू व ग्राम रैतराखुर्द मे, रामवतार धुरव, परदेशी मरावी, पतिराम धुरव, प्रदेश नेताम, रामनारायण उइके एवं ग्राम घाठापानी मे, राजेश राम साहू, विष्णु लाल के कब्जे से कुल 04 प्रकरण मे 09 जुआड़ियान से जुमला रकम 3085 रूपये जप्त किया गया।

## सियाराम गोसेवा संस्थान एवं सुरभि सेवा आश्रम ने चंदन बाई को दी श्रद्धांजलि

**भरींडांड़।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची की माता श्रीमती चंदन बाई मरपच्ची के निधन पर सियाराम गोसेवा संस्थान गोरखपुर एवं सुरभि सेवा आश्रम गोरखपुर समिति पेंड्रारोड (गौरेला) के प्रमुख एवं सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी।




समिति के सदस्यों ने श्री मरपच्ची के निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया और श्रद्धांजलि पत्र का वाचन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत गीता में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आत्मा अजर अमर अविनाशी है। इसका ना जन्म होता है ना मृत्यु होती है इसे ना तो शास्त्र काट सकते हैं न हीं अग्नि जला सकती है जीवन व मृत्यु शाश्वत जीवन के प्रवाह है। यह प्रवाह कालक्रम के अनुसार जीवात्मा को अनंत में विलीन कर देती है। मरपच्ची परिवार की मुखिया श्रीमती चंदन बाई मरपच्ची का लंबी बीमारी से संघर्ष करते हुए 11 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं। स्व. श्रीमती चंदनबाई के चार पुत्र स्व. संतोष सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह व सैनिक सेवा से सेवानिवृत व मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची एवं तीन पुत्री राजकुमारी, मीनाक्षी व लक्ष्मी राज हैं। इस मौके पर समिति के प्रमुख कौशल मणि तिवारी संयोजक मथुरा सोनी एवं भगत मेटवानी अजीत गहलोत राजेंद्र सोनी उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255










**रंगोली से सजे आंगन**

नीलम श्रीवास्तव ने बनाई रंगोली। | सोनल सिंह ने आकर्षक रंगोली बनाई। | डॉ. हिमांशी सिंह ने भगवान राम की बनाई रंगोली। | दिशा निखारे ने भगवान गजानन बनाया। | ज्योति श्रीवास ने अर्ध नारीश्वर की बनाई रंगोली। | डॉ. श्रुति मौर्य ने बनाई रंगोली।

# मंदिरों में मनाया गया अन्नकूट, गोवर्धन पूजा कर लगाए 56 भोग

**श्री पीतांबरा पीठ सरकंडा, लक्ष्मी नारायण मंदिर सदर बाजार, श्री व्यंकटेश मंदिर श्री सीताराम मंदिर, श्री राधा-कृष्ण मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर सहित बिलासपुर गौ सेवा धाम में अन्नकूट उत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। गोवर्धन भगवान की पूजा कर 56 भोग लगाए गए।**



## प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है यह पर्व





**बिलासपुर।** पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महराज ने बताया कि अन्नकूट उत्सव, जिसे गोवर्धन पूजा भी कहते हैं, भारतीय संस्कृति और धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। यह दीपावली के अगले दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को मनाया जाता है। अन्नकूट उत्सव प्रकृति, भक्ति और प्रसाद का महापर्व है। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि जीवनयापन के लिए अन्न, जल और पशुधन ही हमारे सच्चे देवता हैं। उन्होंने बताया कि अन्नकूट प्रसाद ग्रहण का विधान है। अन्नकूट को भगवान श्री कृष्ण का महाप्रसाद माना जाता है। अन्नकूट के लिए बनाए गए सभी व्यंजन पूर्णतः सात्विक होना चाहिए। यह पर्व नए फसलों की शुरुआत का भी प्रतीक है, इसलिए अन्नकूट में 56 प्रकार की ताजी और मौसमी सब्जियों का प्रयोग किया जाता है।



नेवर सिटी में प्रत्युषा त्रिवेदी ने बनाई आकर्षक रंगोली।



पिंकी रूचि शुक्ला नर्मदा नगर ने बनाई रंगोली।

## चैतन्य मां लक्ष्मी की आरती

बिरकोना रोड स्थित ब्रह्मा कुमारी प्रभु दर्शन धाम में दीपावली पर्व मनाया गया। जिसमें चैतन्य मां लक्ष्मी की आरती की गई। ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन ने दीपमाला का आध्यात्मिक रहस्य बताया। बीके प्रीति बहन, बीके चक्रधर भाई, विश्वदीप खूंटे की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सभी भाई-बहनों ने एक-एक दीया जलाकर पूरे विश्व में अंधकार व बुराइयों को मिटाने का संकल्प लिया। अंत में सभी को भोग प्रसाद वितरण किया गया।



## आरएसएस के स्वयंसेवकों ने की पूजा



आरएसएस के स्वयंसेवकों ने दीप पर्व पर भगवान गणेश, मां लक्ष्मी, झूलेलाल और मां भारती की पूजा-अर्चना की। साथ ही बताया कि यह केवल प्रकाश का पर्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना, धर्म रक्षा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। जिस प्रकार दीपक अंधकार मिटाता है, वैसे ही अज्ञान, अधर्म के अंधकार को मिटाकर भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने का संकल्प हम सभी को लेना होगा।

## भाई दूज आज

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भाई दूज का पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि गुरुवार 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना करेंगी। भारत के विभिन्न राज्यों में इस पर्व को मनाने के अलग-अलग रिवाज हैं, और एक-दूसरे के प्रति स्नेह व्यक्त करने का ही भाव रहता है। इस वर्ष भाई दूज तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 13 मिनट से 3 बजकर 28 मिनट तक रहेगा।

**बहनें करेंगी भाइयों की सुख-समृद्धि की कामना**

## भजन कर लगाए गए 56 भोग



माहेश्वरी सभा समाज ने दिवाली मिलन अन्नकूट का आयोजन किया। इसमें लड्डू गोपाल का पूजन व भजन-कीर्तन कर 56 भोग लगाकर आरती की गई। समाज की उन्नति के नए प्रकल्प के बारे में सभी ने विचार रखे और समाज को आगे बढ़ाने योजना बनाई गई। सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी में ऋषि गुप्ता, विनीता, सरिता, किरण, नीता विजेता रहे। वरिष्ठ सदस्य सीआर मुंदड़ा, अध्यक्ष अनिल और विनीता ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी। सान्वी मुदंडा ने सजावट किया। सचिव विजय माहेश्वरी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर चांदरतन, अनिल, भरत, जुगल, विजय मुंदडा, दिनेश, सुरेश, महेश, सुनील, प्रकाश, पवन, रामेन्द्र, नीरज, ललित, रतन, निकुंज, आयुष, विनीता, सरिता, अंजना, किरण, रिमझिम, नीलम, नीता, कुसुम, सोनाली, पूनम, मीना, सौम्या, रूनीता, आरती, ममता, रेखा, ज्योति, मंजू, शीला आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर में गोवर्धन उत्सव



यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला का शिव शंकर यादव विशिष्ट अतिथि, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केसरवानी,राजेंद्र साहू डब्बू, जगदीश पांडे, यादव समाज के अध्यक्ष अमित यादव सहित समाज के बंड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। यादव समाज के द्वारा नशा मुक्ति अभियान को ध्यान में रखते हुए गोवर्धन पूजा में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर लगातार पांचवा वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन पूजा को सफल बनाया।

## गौ सेवा धाम में गौ माता की पूजा




बिलासपुर गौ सेवा धाम में गौ माता की पूजा-अर्चना कर भगवान गोवर्धन नाथ का पूजन अर्चन किया गया। 56 भोग अर्पित कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं शहर में कई लोगों ने अपने-अपने घर के दरवाजे पर गोबर से गोवर्धननाथ का विग्रह बनाकर पूजा की।

**कार्नर न्यूज**

# छठ महापर्व पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे, अफसरों ने लिया जायजा

**बिलासपुर।** दीपावली के समापन के साथ ही अब आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी जोरों पर है। तोरवा छठ घाट, जो पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज के संयुक्त तत्वावधान में पिछले 25 वर्षों से छठ महापर्व का केंद्र रहा है, एक बार फिर श्रद्धालुओं से गुलजार होने जा रहा है। समिति का दावा है कि यह विश्व का सबसे बड़ा स्थायी छठ घाट है। लगभग एक किलोमीटर लंबे घाट पर इस वर्ष 27 और 28 अक्टूबर को व्रती श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस बार भी 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। बुधवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में छठ पूजा समिति और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि बिलासपुर का छठ पूरे देश में प्रसिद्ध है और यह अब शहर की पहचान बन चुका है। प्रशासन हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को सफल बनाने में हर संभव सहयोग करेगा।" उन्होंने अधिकारियों के साथ छठ घाट का निरीक्षण किया और व्यवस्था के हर पहलू की समीक्षा की। इस बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर शिव बनर्जी, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, एसडीएम मनीष साहू, एडिशनल एसपी राजेंद्र जयसवाल, सीएमएचओ डॉ. शोभा गढ़ेवाल सहित पुलिस विभाग, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन विभाग, सीएसईबी, खनिज विभाग, होमगार्ड और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समिति की ओर से प्रवीण झा, डॉ. धर्मेंद्र कुमार दास, अभय नारायण राय, सुधीर झा, बी.एन. ओझा,राम प्रताप सिंह, रौशन सिंह,विजय ओझा,दिलीप चौधरी,धनंजय झा,पंकज सिंह, कुमुद रंजन सिंह, अमरेंद्र कंठ, पीसी झा, चंद्र किशोर प्रसाद, हरिशंकर कुशवाहा, सतीश सिंह, धीरज झा, प्रभात चौधरी, प्रशांत सिंह, रामसखा चौधरी, प्रशांत सिंह, रविंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, रुपेश कुशवाह सहित पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज और सहजानंद समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



### सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि छठ महापर्व के दौरान सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में 300 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहेंगे, जो घाट, सड़कों और पार्किंग स्थलों पर निगरानी रखेंगे। पूरे घाट क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा और ड्रोन कैमरे भी निगरानी में लगाए जाएंगे। घाट पर पुलिस का एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ टीम, और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौके पर मौजूद रहेंगी।



ट्रैफिक, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था हेतु एसएसपी रजनेश सिंह के साथ बिलासा गुड़ी की बैठक में छठ पूजा समिति के सदस्य प्रवीण झा, धर्मेंद्र दास, अभय नारायण राय, राम प्रताप सिंह,रौशन सिंह प्रशांत सिंह उपस्थित थे।

### पार्किंग और यातायात व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दो और चार पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बिलासा उपवन में की जाएगी। इसके लिए प्रवेश और निकासी के अलग-अलग मार्ग तय किए जा रहे हैं, ताकि जाम की स्थिति न बने। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने-जाने वाले सभी रास्तों को दुरुस्त किया जाए और मार्गों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रहे। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने बताया कि घाट की सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है और बिजली विभाग की मदद से प्रकाश व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके अलावा गुरुनानक चौक से छठ घाट तक के मार्ग का डामरीकरण भी किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

### स्थाई प्रकाश और जलकुंड की योजना

छठ पूजा समिति ने बैठक में मांग रखी कि घाट पर हर वर्ष अस्थायी रूप से लगाई जाने वाली लाइटों को स्थायी रूप से लगाया जाए। इस पर कलेक्टर और निगम आयुक्त ने सहमति जताई और जल्द कार्ययोजना बनाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा देवी प्रतिमाओं के विसर्जन से नदी की सफाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए प्रशासन ने घाट के अंतिम छोर पर उदासीन आश्रम के पीछे एक रैंप और विशेष जलकुंड निर्माण की योजना पर सहमति दी, ताकि आगे से प्रतिमाओं का विसर्जन वहीं किया जा सके और नदी की स्वच्छता बनी रहे।

## युवक के साथ गाली-गलौज मारपीट, मामला दर्ज

तखतपुर। सड़क पर खड़े युवक के साथ दो अन्य युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचबहरा निवासी दिनबंधू सिंगरौल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 16 अक्टूबर की शाम 5 बजे काम खत्म करके वह अपने घर जा रहा था। इसी दौरान विक्की साहू व तरूण साहू ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब दिनबंधू ने गाली-गलौज करने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## निधन

### बड़कू राम सोनी



बिलासपुर। बिरकोना दुर्गा मंदिर के पुजारी बड़कू राम सोनी पिता स्व. रामनाथ सोनी का 73 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। वे धर्मेंद्र व मनोज सोनी के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रामपुर राजनांदगांव में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

### जानकी यादव



बिलासपुर। स्व. डेरहा राम यादव की पत्नी श्रीमती जानकी यादव का 21 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम कोरमी के मुक्तिधाम में सुबह 12 बजे किया गया। वे गौरीशंकर यादव, सुमित यादव, अनीता, निर्मला एवं ममता यादव की मां थीं।

### डीआर थोटा



बिलासपुर। अन्नपूर्णा कॉलोनी सेक्टर 4 निवासी डीआर थोटा का 21 अक्टूबर की सुबह 9 बजे अपोलो हॉस्पिटल में 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को 22 अक्टूबर की सुबह 11 बजे ईसाई कब्रस्तान सिरगिट्टी में किया गया। वे टी सुधाकर के पिता थे।

### लक्ष्मी सिंह



बिलासपुर। सिद्ध शिखर अपार्टमेंट गौरव पथ निवासी श्रीमती लक्ष्मी सिंह पति स्व. फुलझर सिंह का देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 23 अक्टूबर को भारतीय नगर में मुक्तिधाम प्रातः काल 10 बजे होगा। वे देवेंद्र सिंह चिंटू, नम्रता सिंह और संगीता सिंग की माता थीं।

### बगस राम केंवट



मस्तूरी। रामायण चौक कुधरी पारा जोंधरा निवासी बगस राम केंवट 84 वर्ष का 22 अक्टूबर को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय शिवनाथ नदी मुक्ति धाम में किया गया। वे जोंधरा सरपंच समारु राम केंवट के पिता व ब्लॉक अध्यक्ष मधुआ कांग्रेस विष्णु केंवट ,कृष्णा केंवट के दादा थे।

### सुधाकर पांडेय



तखतपुर। वार्ड 9 निवासी सर्राफा व्यवसायी सुधाकर पांडेय 90 वर्ष का 19 अक्टूबर को निधन हो गया है। वे रत्नाकर पांडेय कुसमाकर पांडेय के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### चन्द्रकली मानिकपुरी



तखतपुर। ग्राम बुटेना (सकर्रा) निवासी चन्द्रकली मानिकपुरी 62 वर्ष का 20 अक्टूबर को निधन हो गया। वे रिटायर्ड पीडब्लूडी कर्मचारी सेउक दास मानिकपुरी की पत्नी व प्रमोद, मनोज की माता, हाईकोर्ट कर्मचारी किरण मानिकपुरी की सास थीं। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बुटेना में किया गया।

### फेकू राम पटेल



मस्तूरी। इंदिरा निवास पारा जोंधरा निवासी फेकू राम पटेल 82 वर्ष का 22 अक्टूबर को निधन हो गया जिसकी अंत्येष्टि स्थानीय शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में की गई। वे गणेश राम,खेम लाल पटेल के पिता थे।

### सीएम साय, तोखन व अटल को दिया गया आमंत्रण

# जगतगुरु रामभद्राचार्य की कथा 25 से, पेंड्रा में, तैयारियां जोरों पर





मुख्यमंत्री साय को कथा के लिए आमंत्रण देते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

सनातन संस्कृति और भक्ति परंपरा के संत जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य का आगामी 25 अक्टूबर को पेंड्रा आगमन होने जा रहा है। स्वामीजी के श्रीमुख से आगामी 25 से 31 अक्टूबर 2025 तक नगर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पेंड्रा के मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं।

स्वामीजी के आगमन को लेकर पूरे नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का वातावरण निर्मित हो गया है। तैयारी के दौरान कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में बंदरों का झुंड भी आ गया था, जो लोगों में कौतूहल का विषय बन गया। आयोजकों ने बताया कि, यह कथा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्कि समाज में नैतिकता, प्रेम, सेवा और धर्म के मूल्यों को स्थापित करने का भी कार्य करेगी। स्वामीजी के प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों की भक्ति भावना और जीवन में धर्म पालन के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया जाएगा।

आयोजक समिति ने समस्त नगरवासियों और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है। आयोजन के सदस्य प्रदीप तिवारी, नागेश सुलतानिया व नीलेश पाठक ने जानकारी दी कि, उन्होंने इस कथा में 51 चौकी लगाई हैं। इसका उद्देश्य है कि, जो श्रद्धालु जन गुरुदेव की कथा नहीं करा सकते एवं उनके मन में कथा कराने की प्रबल इच्छा है, तो वो इन चौकी के माध्यम से यजमान बन सकते हैं। यजमान बन उन्हें यह एहसास होगा मानो ये कथा वो ही करवा रहें हैं एवं पुण्य के भागीदार बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें चरण पादुका सेवा एवं गुरुवर के सम्मुख साक्षात आरती करने का भी सौभाग्य प्राप्त होगा।

### मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री को आमंत्रण

आयोजन मंडल के सदस्यों ने रामभद्राचार्य महाराज की श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव को उनके निवास में जाकर आमंत्रण दिया। इस पर सभी ने भागवत कथा में शामिल होने की सहमति दी है। आमंत्रण देने वालों में स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य, प्रदीप तिवारी, नागेश सुलतानिया, नीलेश पाठक, राकेश सुल्तानिया एवं रतन गुप्ता शामिल थे।

# पनिका समाज के आयोजन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री, तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बैठक में शामिल समाज के लोग।

मानिकपुरी पनिका समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के निर्वाचन के पश्चात विगत दिनों समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुंचकर उसने शपथ ग्रहण समारोह एवं परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए समय लिया था।

पनिका समाज की ओर से उक्त आयोजन 26 अक्टूबर को 2 बजे रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया जाएगा, जिसमें शामिल होने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया है। आयोजन की तैयारियों को लेकर लेकर रविवार 19 अक्टूबर को बिलासपुर के अल्का एवेन्यू में समाज प्रमुख डॉक्टर फूलदास महंत के निवास पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज प्रमुख डॉक्टर देवधर महंत, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भरत मानिकपुरी, गोरेदास प्रदेश स्तर सचिव, घनश्याम दास प्रदेश सहायक निर्वाचन अधिकारी, रवि राघवेंद्र दास, प्रदेश युवा अध्यक्ष, चैन दास कोषालय प्रकोष्ठ, मुन्ना दास संयोजक सेवा समिति बिलासपुर शामिल हुए। इस मौके पर तय किया गया कि, मानिकपुरी समाज के सभी संगठन के जिम्मेदार लोग एवं ब्लॉक, तहसील, जिला व संभाग से समाज के महिला-पुरुष व युवा संगठन अपना सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

## जिले में मजदूरों के लिए महावीर हमाल संघ का गठन



पेंड्रा। जिले के नॉन वेयर हाउस में कार्यरत कर्मचारी हमालों और असंतुष्ट क्षेत्रीय मजदूरों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम मंत्रालय के अंतर्गत महावीर हमाल संघ का गठन किया है। इस संयुक्त संघ का गठन भारतीय जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुचंद्र तिवारी के सहयोग से किया गया, जिन्होंने जिला हमाल संघ को सदस्यता प्रदान कर इसकी नींव रखी। संघ का पंजीयन छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम मंत्रालय के अधीन किया गया है। इस अवसर पर इंद्रावती भवन में आयोजित कार्यक्रम में सुचंद्र तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी मनीष शुक्ला, और मुख्य कार्यकारी एसएस पैकरा ने संघ को औपचारिक रूप से स्थापित किया।

कार्यक्रम के दौरान संघ के अध्यक्ष अमृत कोल, उपाध्यक्ष अजय कोल, और सचिव पवन कोल ने सचिवालय जाकर पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह नया संगठन क्षेत्र के मजदूरों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए कार्य करेगा, जिससे हमालों को बेहतर कार्य परिस्थितियों और अधिकारों की प्राप्ति में मदद मिलेगी।



## रासेयो स्थापना दिवस पर हुईं विभिन्न गतिविधियां

मल्हार। संत गुरुघासीदास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पचपेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर उन्मुखीकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला संगठक कांति अंचल ने विशेष शिविर की जानकारी दी एवं विशिष्ट अतिथि रेखा गुल्ला ने रक्तदान-नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ पीसी जायसी ने मतदान जागरूकता पर प्रेरक विचार साझा किया। प्राचार्य डॉ आरके जायसी ने अनुशासन और जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित किया। वहीं एमएम गुल्ला ने अंगदान के महत्व पर जानकारी दी। साथ ही धनेश रजक ने साइबर अपराध जागरूकता पर एवं रासेयो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में शनि कुमार बर्मन, आरजू कांत, ऐश्वर्य लक्ष्मी, परमेश्वर पाटले एवं शालिनी नायक उपस्थित रहे। खेल, डिजिटल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, रंगोली, मेहंदी, निबंध, भाषण, गीत, कविता, नाटक आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही 35 स्वयंसेवकों को बी प्रमाणपत्र तथा सिमरन बंजारे को सी प्रमाणपत्र दिया गया।कार्यक्रम का संचालन पविन्द्र कुमार जायसवाल एवं आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुर्रे ने किया।

# राइसमिल एसोसिएशन ने की सीएम साय से मुलाकात

### विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा, सीएम ने दिया आश्वासन



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते राइसमिलर्स।

लोरमी। छग राइसमिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी एवं भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा, महामंत्री विष्णु बिंदल, उपाध्यक्ष विजय गोयल एवं उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने सीएम साय से मिलकर मिलर्स की समस्याओं से अवगत कराते हुए सार्थक चर्चा की।

बैठक में 77 पीबी पीड़ित राइस मिलर्स, उसना मिलिंग पर 80 रुपए प्रोत्साहन राशि यथावत रखने, कस्टम-मिलिंग के लिए तीन माह की बाध्यता समाप्त कर दो माह करने सहित कई विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि, यह आपकी ही सरकार है, आप लोग निश्चिंत रहें। हमे भी सरकार पर पूरा भरोसा है, हमारी सभी मांगें पूर्ण होगी सभी मिलर्स भाई निश्चिंत रहें। इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों मुख्यमत्री को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। उक्त जानकारी राइस मिल एसोसिएशन के सह कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल मिंटू ने दी।



## चोरहादेवरी में रक्तदान शिविर 63 लोगों ने दिया ब्लड

लगरा। संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम पंचायत चोरहादेवरी में रामभवन चौक गणेशोत्सव समिति और बाड़ा चौक नवदुर्गा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 63 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिनमें महिलाओं की सहभागिता विशेष रही। इसके साथ ही 100 से अधिक लोगों ने ब्लड ग्रुप, वजन और हीमोग्लोबिन जांच भी करवाई। कार्यक्रम में हंसवाहिनी ब्लड सेंटर बिलासपुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्तदाताओं को विधायक प्रतिनिधि मनोज पटेल व जपं सदस्य सुरेखा पटेल ने प्रमाण पत्र, हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में रामभवन चौक समिति से दीपक पटेल, अभिनव मौर्य, अभिषेक मौर्य, आशीष पटेल, वेदप्रकाश पटेल, दिलीप कश्यप, प्रवीण काछी, शशांक, लुकेश, रजनीकांत तथा बाड़ा चौक नवदुर्गा समिति से पुरुषोत्तम काछी, अजय पटेल, नरेंद्र यादव, सुरेन्द्र गोस्वामी, कमलेश यादव, मनोज शिकारी का विशेष योगदान रहा।

## घुटकू हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर



तखतपुर। घुटकू हाई स्कूल के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाटर पोलो बालक वर्ग में कमलकांत भार्गव, खोमेश लोनिया, कोमल जांगड़े, अक्षय कुर्रे, शुभम प्रजापति, अनुराग धीवर, लक्ष्मीनारायण, चंद्रशेखर साहू और विवेक बघेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने कौशल का परिचय दिया। वहीं तैराकी बालिका वर्ग में खुशी लोनिया, नारायणी लोनिया, वैभवी लोनिया, अदिति सोंचे, रानी सोंचे, दिव्या वर्मा और सरस्वती पटेल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तैराकी बालक वर्ग में अनुराग खरे, मोहम्मद फैजल, सनत गंधर्व, प्रतिक लास्कर और विनीत गंधर्व ने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ियों के घुटकू लौटने पर डॉ रवि कुमार सोनी, सरपंच तिलक चंद वर्मा व सुनील यादव ने बच्चों का स्वागत किया।

## सेवानिवृत्त होने पर सचिव कौशिक को दी गई विदाई



सकरी। व्यक्ति सिर्फ अपने विभाग से सेवानिवृत्त होता है न कि, जिम्मेदारियों से। यह एक सतत प्रक्रिया है, जो शासन के नियमानुसार पूर्व से निर्धारित रहता है। सेवानिवृत्ति के पश्चात व्यक्ति की जिम्मेदारी समाज के प्रति और भी बढ़ जाती है। उक्त बातें ग्राम लोखंडी में पदस्थ पंचायत सचिव अशोक कौशिक की सेवानिवृत्ति पर आयोजित सम्मान समारोह में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि, अब श्री कौशिक अपने विभाग से सेवानिवृत हो कर समाज की सेवा करेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, सेवा का भाव रखकर श्री कौशिक ने कार्य किया।

## ग्रामीणों ने एनटीपीसी डीजीएम को सौंपा ज्ञापन



सीपत। ग्राम पंचायत मड़ई ने एनटीपीसी सीपत के महाप्रबंधक के नाम एचआर डीजीएम सत्यकाम को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सीएसआर मद से ग्राम विकास कार्यों की स्वीकृति की मांग की गई है। पंचायत ने कहा कि, मड़ई गांव रेलवे लाइन से प्रभावित क्षेत्र है, जहां पूर्व में एनटीपीसी की ओर से कई विकास कार्य किए गए थे। लेकिन, पिछले दो वर्षों से कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत ने एनटीपीसी से आग्रह किया है कि, वह अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराए, जिससे ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके। सरपंच फिरतराम अनंत ने मिनी स्टेडियम को पूर्ण करने हेतु राशि स्वीकृति, स्टेडियम में सौर लाइट एवं स्पोर्ट्स क्लब भवन का निर्माण, स्टेडियम परिसर में मंगल भवन का निर्माण, गोठान में मवेशी सुरक्षा हेतु 700 मीटर अहाता एवं गेट निर्माण, ग्राम के चौक-चौराहों पर सौर ऊर्जा लाइट लगाने, परऊ बैगा चौक से फुलवारी तालाब बिकुला रोड तक सीसी रोड निर्माण की मांग की है। सरपंच फिरतराम अनंत ने बताया कि, हमने एनटीपीसी से निवेदन किया है कि, सीएसआर मद से इन कार्यों को शीघ्र स्वीकृति दी जाए। साथ ही जिन परिवारों की जमीन परियोजना में ली गई थी, उन्हें अब रोजगार दिया जाना न्यायसंगत होगा। ज्ञापन सौंपने के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि, एनटीपीसी प्रबंधन इसे शीघ्र संज्ञान में लेकर गांव के अधूरे विकास कार्यों को गति देगा और प्रभावित परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराएगा।


**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /2024-25

ग्राम - तखतपुर प.ह.नं. 28

एतद् द्वारा ग्राम तखतपुर प.ह.नं. 28 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहित राम पटेल पिता ढेलउराम पटेल जाति मरार साकिन तखतपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने पिता ढेलउराम की मृत्यु दिनांक 15/04/2015 को तखतपुर तहसील तखतपुर में मृत्यु हो जाने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 24/10/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी पंकज साहू पिता रामनिहोर साहू निवासी ग्राम मदनपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वाले से अधिकृत हो होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा मोपका प.ह.नं. - 29, रा.नि. मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1853/10 रकबा 2400 वर्गफुट है, जो कि खिरेश्वर प्रसाद गुप्ता पिता हीरालाल गुप्ता निवासी मन्नू चौक, टिकरापारा तहसील व जिला बिलासपुर छ. ग. के नाम पर दर्ज है उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
वेद प्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
मो. 9907444307, 9713558797

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू सोनकर पति श्री सुरेश सोनकर वर्तमान निवास आसमा सिटी सकरी मकान नंबर एएसडी 10 वार्ड क्रमांक 2 सकरी बिलासपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 495003 आधार कार्ड पता मकान नंबर 53 ग्राम हाफा पोस्ट ऑफिस सकरी जिला बिलासपुर) के हक व स्वामित्व की भूमि मौजा सकरी म.ह.ल. नंबर 4 प.ह.न. 26/45 रा.नि.म. सकरी तहसील तखतपुर विकासखंड तखतपुर नगर पंचायत सकरी के अंतर्गत रामा लाइफ सिटी फेस 1 जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ का ले आउट क्रमांक एच-37 खसरा नंबर 280/2 को श्रीमती इप्सिता दत्ता पति डॉक्टर सुदीप्तो दत्ता वर्तमान निवास रॉयल एलिगेंस ए/30 के द्वारा या उनकी ओर से अधिकृत किसी व्यक्ति के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है जिसका निकट भविष्य में रजिस्ट्री किया जाना तय हुआ है।

इस बारे में अगर कोई व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय निकाय आदि को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में प्रकट कर सकता है इस समयावधि के पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जानें।

**भवदीय**
**श्रीमती इप्सिता दत्ता**
**पति डॉक्टर सुदीप्तो दत्ता वर्तमान निवास ए/30 रॉयल एलिगेंस कॉलोनी रायपुर रोड बिलासपुर छत्तीसगढ़ मो. 9752092665**

**समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता गजानंद सिंह क्षत्री उम्र 71 वर्ष पिता श्री प्यारे सिंह जाति ठाकुर निवासी ग्राम खपरी तहसील व थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं जो की निम्नानुसार कथन शपथ पूर्वक करता हूं-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 604835815516 में मेरा नाम राजनंद सिंह क्षत्री त्रुटिवश दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरे परिचय पत्र, राशन कार्ड, बैंक खाता एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम गजानंद सिंह क्षत्री दर्ज चले आ रहा है जो सही है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश राजनंद सिंह क्षत्री दर्ज हो जाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण मैं अपने अन्य दस्तावेजो के आधार पर अपना वास्तविक नाम गजानंद सिंह क्षत्री दर्ज कराना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में हेतु अपने आधार कार्ड में नाम सुधार कराकर सही नाम गजानंद सिंह क्षत्री दर्ज कराने के संबंध में निष्पादित करता हूं।

**शपथकर्ता-गजानंद सिंह क्षत्री**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 13/10/2025
पक्षकार-दिनेश लाहोरानी
**विरूद्ध** छ.ग. शासन
प्रकरण क्र..../अ-6-अ/2024-25

ग्राम/मौजा कुदुदण्ड प.ह.न. 34 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश लाहोरानी पिता स्व. सुरेश लाहोरानी निवासी सिन्धी कालोनी बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 390/29 रकबा 0.0063 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। वर्तमान में उक्त भूमि खसरा नं. 390/29 में रकबा 0.0063 हे. के स्थान पर रकबा 0.0040 हे. हो दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा खसरा नं. 390/29 में रकबा 0.0040 हे. के स्थान पर रकबा 0.0063 हे. भूमि में रकबा दर्ज जाने/दुरूस्त किये जाने/सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 तहत पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 31/10/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगें।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा (1) ध्रुव कुमार साहू, (2) सुरेश साहू, (3) नरेश कुमार साहू, (4) राजेश कुमार साहू सभी पिता स्व. कपीलनाथ साहू (5) सुशीला बाई साहू पति स्व. कपीलनाथ साहू (6) शिवकुमार साहू पिता स्व. रामदुलार साहू सभी निवासी ग्राम समलपुरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) से इनके नाम पर मौजा समलपुरी प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित भूमि का खसरा नम्बर 109/1/क रकबा 0.405 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**प्रकाश श्रीवास**
**पिता स्व. दिलीप श्रीवास**
**कुदुदंड चांदनी चौक बिलासपुर**
**मो. 9770107388**

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक // ना.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 15/10/2025

ग्राम मोहरा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोहरा प.ह.न. 16 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 705/6 रकबा 0.4050 हे. भूमि में लगे फौतीनामांतरण के लिए आवेदिका श्रीमती रेशमी साहू पिता स्व.जगदीश प्रसाद साहू/पति त्रिभूवन प्रसाद साहू निवासी सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर में दिनॉक 30/10/2025 को सुबह 11.00 आवेदक/प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 15/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / क /वा / तह. /2025
सकरी, दिनांक 22/10/2025

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जलेश्वर गोस्वामी पिता /पति परदेशी निवासी ग्राम अमेरी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं. सकरी व तह. सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 42/44 रकबा 0.011 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा /आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/11/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 22/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्र/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 17/10/2025

प्रति, 1. मनीष कुमार सेठी 2. डॉ. देव सरकार 3. अभिषेक घोरे 4. मदन लाल अग्रवाल
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/ 25 बिलासपुर दिनांक

आवेदक मनीष कुमार सेठी निवासी टिकरापारा के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 157/25, 157/26 रकबा 0.040, 0.0120 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 24/10/25 को समय 12-5 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर**

## खबर संक्षेप



बिलासपुर। शांति नगर ठेठाडबरी में युवा माँ लक्ष्मी पूजा उत्सव समिति द्वारा विराजित की गई माँ लक्ष्मी की प्रतिमा। समिति पिछले चार सालों से माँ लक्ष्मी की प्रतिमा विराजित कर पूजा -आराधना कर रही है। समिति के अध्यक्ष राहुल यादव, उपाध्यक्ष गणेश यादव हैं। यह जानकारी समिति के सोहन दास ने दी।

### जसगीत-गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति

**बिलासपुर**। भगवान श्री हरदेव लाल माँ काली पूजा समिति द्वारा विगत 18 वर्षो से जसगीत-गायन प्रतियोगिता का आयोजन गोकुल नगर घुरू में किया जा रहा है,बुधवार को प्रथम दिन प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्रस्तुति दी दो दिवसीय यह स्पर्धा गुरूवार को समापन के पश्चात इसमें विजयी प्रतिभागियों का पुरूस्कार वितरण किया भी जाएगा। इसमें प्रथम पुरूस्कार स्व श्री पंचराम सूर्यवंशी की स्मृति में पुत्र मुकेश कुमार सर्यूवंशी द्वारा प्रदत्त, द्वितीय पुरूस्कार स्व री सोनसाय की स्मृति में पुत्र बबलु सूयवंशी द्वारा दिया जाएगा। इसमें बेस्ट गायक, बेस्ट वादक एवं बेस्ट झांकी को भी पुरूस्कार दिया जाएगा।

### सिम्स में एनटीईपी कोर कमेटी की बैठक



**बिलासपुर**। बुधवार को अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति की अध्यक्षता में एनटीईपी कोर कमेटी सिम्स की बैठक संपन्न हुई, जिसमें संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, नोडल अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष रेस्पीरेटरी मेडिसीन डॉ. प्रतीक कुमार, नोडल ऑफिसर पब्लिक हेल्थ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता ठाकुर, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. गायत्री बांधी, डब्ल्यू एच.ओ. एनटीईपी सलाहकार डॉ. ऋतु कश्यप एवं अन्य कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में टीबी मरीजों की जॉच, निदान एवं उपचार तथा निक्क्ष्य पोर्टल में शत प्रतिशत डाटा एन्ट्री करने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपस में समन्वय बनाकर मरीजहित में कार्य करने तथा सिम्स महाविद्यालय के समस्त क्लीनिकल विभागों से टी.बी. के लक्षण वाले मरीजों का सैम्पलिंग बढ़ाने एवं त्वरित उपचार करने हेतु चर्चा की गई।

### सड़क दुर्घटनाओं एवं अन्य आपात मामलों का सिम्स में तत्परता से उपचार




**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ आयु विज्ञान संस्थान सिम्स में दीपावली के अवसर पर 20 एवं 21 अक्टूबर को विभिन्न आपात स्थितियों में आए मरीजों का त्वरित उपचार किया गया। 20 अक्टूबर को सड़क दुर्घटना रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट के 12 मामले, मारपीट के 5 मामले तथा 1 जलने का मामला सामने आए। वहीं 21 अक्टूबर को सड़क दुर्घटनाओं के 12 मामले, मारपीट के 4 मामले एवं 3 जलने के मामले सिम्स में उपचार हेतु भर्ती किए गए। सभी मरीजों का उपचार सिम्स चिकित्सालय में किया जा रहा है। सिम्स प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष दिवाली पर्व के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में गंभीर मामलों की संख्या कम रही है। क्षेत्र की कुछ घटनाओं को छोड़कर कोई अत्यधिक गंभीर मामला दर्ज नहीं हुआ है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि दीपावली के समय सड़क दुर्घटनाओं एवं जलने जैसी घटनाओं की संभावना को देखते हुए सिम्स प्रशासन ने पहले से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली थीं। प्रत्येक वार्ड और इमरजेंसी विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया था, ताकि किसी भी परिस्थिति में तत्काल उपचार मिल सके। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि त्यौहार के दौरान मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए दवा आपूर्ति, डॉक्टरों की ड्यूटी और नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की विशेष मॉनिटरिंग की गई। टीमवर्क के कारण सभी मामलों का समय पर उपचार संभव हुआ। सिम्स की चिकित्सा टीम, नर्सिंग स्टाफ, और सहायक कर्मचारियों ने दिवाली पर्व के दौरान सतर्कता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

---

**किसानों को सिंचाई के लिए मिला भरपूर पानी** | **3 अगस्त से लगातार दोनों नहरों में चल रहा पानी**

# खारंग की नहरों में कम हुई पानी की धार, माह के अंत तक गेट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दोनों नहरों में पानी की धार कुछ कम की गई है। जलाशय से विगत तीन अगस्त से लगातार पानी दिया जा रहा है। चूंकि अभी पौधे धान की बालियां आने व परिपक्वता की स्थिति में हैं व कहीं-कहीं किसानों की ओर से पानी की मांग आ भी रही है, जिससे अक्टूबर के अंत तक पानी दिया जाता रहेगा। महीने के अंत में जलाशय के दोनों गेट बंद कर दिए जाएंगे।

जिले के सबसे बड़े बांध खारंग जलाशय खूंटाघाट के गेट किसानों के लिए अब भी खुले हैं। सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में 3 अगस्त से पानी छोड़ा जा



रहा है, जो कि अब तक जारी है। नहर की एक नहर 85 किलोमीटर दूर जोंधरा, सोनसरी तक किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती है। इसी तरह दूसरी नहर से 30 किलोमीटर दूरी तक सीपत क्षेत्र के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। इस साल लगातार पानी दिया गया जिससे किसानों के धान के पौधों की सिंचाई अच्छी हुई।किसानों में धान की पैदावार भी अच्छी होने की संभावना जाहिर की जा रही है। अब चूंकि भरपूर पानी दिया जा चुका है और पानी की जरूरत एकदम कम है, जिससे नहरों में पानी की मात्रा कम की गई है।

इसके अंतर्गत खारंग की बांयी तटनहर में फिलहाल प्रतिदिन 200 क्यूसेक एवं दाहिनी तटनहर में 120 क्यूसेक पानी प्रतिदिन छोड़ा जा रहा है। अक्टूबर के आखिर में दोनों ही गेट बंद कर दिए जाएंगे।

### ढाई महीने पानी देकर भी जलभराव 99 प्रतिशत

खारंग जलाशय से लगातार विगत ढाई महीने सिंचाई के लिए पानी देने के बाद भी जलभराव 99 39 प्रतिशत शेष है। बीते वर्ष इसी अवधि में बांध में जलभराव का आंकड़ा मात्र 69 प्रतिशत था, जबकि वर्ष 2023 में 79 66 प्रतिशत था। इस साल बारिश भी पर्याप्त हुई है, जिससे बांध के कैचमेंट एरिया से लगातार पानी प्राप्त होता रहा है व बांध में लगातार वेस्ट वियर की स्थिति भी निर्मित होती रही है।

### पानी की मात्रा कम की गई है

नहर में छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा कुछ कम की गई है, लेकिन गेट अब भी खुले हैं। चूंकि पौधों में बालियां आने का समय है और कहीं-कहीं किसानों की ओर से मांग भी आ रही है, जिससे इस महीने के आखिर तक पानी दिया जाता रहेगा।

-पीएन श्रीवास्तव, एसडीओ खारंग डिवीजन

---

**छुट्टी के दिन जीएम ने लिया जोनल स्टेशन में व्यवस्थाओं का जायजा**

# दुर्गा पूजा से दीपावली तक एसईसीआर की ट्रेनों ने लगाया 170 फेरा, यात्रियों को मिली सुविधा



स्टेशन में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रेलवे जीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्गा पूजा से दीपावली पर्व तक यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से फेस्टिवल ट्रेनों का परिचालन किया गया है, जिसने अब तक 170 फेरे लगाकर यात्रियों को गंतव्य स्टेशन तक आरामदायक सफर कराया है।

त्यौहार के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा, सुगम यात्रा एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस अवधि में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 170 ट्रिप फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस एवं मेमू/पैसेंजर ट्रेनें चलाई गई हैं। रेलवे द्वारा संचालित 223 ट्रिप विशेष ट्रेनें भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्र से होकर गुजरते हुए यहां के यात्रियों को सुविधा प्रदान कर रही हैं। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने एवं उन्हें सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों जैसे बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, इतवारी, रायगढ़ एवं शहडोल सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं । बिलासपुर स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो विशेष होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं, जहां भीड़ नियंत्रण एवं यात्री सहायता के लिए कर्मचारियों की निरंतर ड्यूटी लगाई गई है। यात्रियों की सहायता के लिए वाणिज्य, सुरक्षा एवं अन्य संबद्ध विभागों के कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जो भीड़ नियंत्रण, यात्री मार्गदर्शन एवं सुविधा सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यालय एवं मंडलों में स्थापित वार रूम से स्टेशनों की व्यवस्थाओं पर 24 घंटे रियल-टाइम निगरानी की जा रही है। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने मुख्यालय स्थित वार रूम से त्यौहारी सीजन के दौरान स्टेशनों पर की गई अतिरिक्त भीड़-भाड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के पश्चात बिलासपुर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने होल्डिंग एरिया, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, टिकट काउंटर एवं खानपान स्टॉल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर यात्रियों को कंफर्म बर्थ

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दीपावली एवं छठ जैसे प्रमुख त्यौहारों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अनेक फेस्टिवल / पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इन ट्रेनों में यात्रियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कंफर्म सीट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सहज एवं आरामदायक होगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 08261/08262 बिलासपुर-यलहंका-बिलासपुर के मध्य 22 फेरे के लिए चलाई जा रही है। 08261 बिलासपुर-यलहंका बेंगलुरु फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से 9 सितम्बर से 18 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को तथा गाड़ी संख्या 08262 यलहंका बेंगलुरु-बिलासपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन यलहंका से 10 सितंबर से 19 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को चल रही है। बिलासपुर-यलहंका फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन में 4 नवम्बर 2025 को एसी-थ्री में 337, एसी थ्री इकॉनमी में 77 एवं स्लीपर में 23, 11 नवम्बर एसी थ्री में 398, एसी थ्री इकॉनमी में 103 एवं स्लीपर 143 बर्थ, 18 नवम्बर को एसी टू में 10, एसी थ्री में 404, एसी थ्री इकॉनमी में 102 एवं स्लीपर में 154 बर्थ उपलब्ध है। गाड़ी का वाणिज्यक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, भाटापारा,रायपुर, दुर्ग,राजनादगाँव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। 12 फेरे के लिए चलने वाली 08763/08764 दुर्ग-सुल्तानपुर-दुर्ग 25 अक्टूबर एसी थ्री में 107 बर्थ, 1 नवम्बर को एसी टू में 9, एसी थ्री में 381, एसी थ्री इकॉनमी में 100 एवं स्लीपर में 3 बर्थ, 8 नवम्बर को एसी टू में 5, एसी थ्री में 416, एसी थ्री इकॉनमी में 102 एवं स्लीपर में 87 बर्थ, 15 नवम्बर को एसी टू में 10 बर्थ, एसी थ्री में 391, एसी थ्री इकॉनमी में 108 एवं स्लीपर में 62 बर्थ, 22 नवम्बर को एसी थ्री में 347, एसी थ्री इकॉनमी में 106 एवं स्लीपर में 52 बर्थ, 29 नवम्बर को एसी टू में 09, एसी थ्री में 423, एसी थ्री इकॉनमी में 97 एवं स्लीपर में 140 बर्थ उपलब्ध है। गाड़ी का वाणिज्यक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर,उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है। 8 फेरे के लिए चल रही 08760/08761 दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग में दुर्ग से 9 नवम्बर को एसी थ्री में 319 एवं एसी थ्री इकॉनमी में 99 बर्थ, 16 नवम्बर को एसी टू में 3, एसी थ्री में 393, एसी थ्री इकॉनमी में 98 एवं स्लीपर में 34 बर्थ, 23 नवम्बर को एसी थ्री में 259 एवं एसी थ्री इकॉनमी में 81 बर्थ उपलब्ध है। गाड़ी का वाणिज्यक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

---

# पंचायतों के मुक्तिधामों में उपलब्ध कराई जाएंगी मूलभूत सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पंचायतों के मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने सभी कलेक्टरों सहित जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी किया है। इसमें पंचायतों में स्थिति मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जारी किया पत्र
- कलेक्टर व जिपं सीईओ को निर्देश

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा जारी पत्र में उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर दिए गए निर्देशों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और अंतिम संस्कार का अधिकार शामिल है। पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है, जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है, इसी का उल्लेख करते हुए पंचायतों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें ग्राम पंचायत 15 दिवस के भीतर मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की आवश्यक साफ-सफाई कराना है। समस-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई आवश्यक सफाईकर्मी लगाकर की जाए और पंचायत द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाए। इसी तरह मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेसिंग लगाया जाए। जिलों में डीएमएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है वहां लोहे के कटीली तार के माध्यम से फेसिंग कराया जाए। परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि का मरम्मत पंचायत में उपलब्ध मूलभूत या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल किया जाए।

### जिला स्तर पर नोडल अधिकारी होंगे नियुक्त

पीएचई के माध्यम से मुक्तिधाम में एक हैंडपंप की व्यवस्था की जाए तथा विद्युत विभाग द्वारा मुक्तिधाम परिसर में आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था की जाए। मनरेगा तथा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना से प्रत्येक गांव में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति दी जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से मुक्तिधाम परिसर में दो शौचालय पुरुष एवं महिला के लिए स्वीकृत करने शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन के लिए मुक्तिधाम परिसर में एक पक्का कचरादान का निर्माण कराया जाएगा। मुक्तिधाम में संपन्न अंतिम संस्कार का ग्राम पंचायत के माध्यम से व्यवस्थित रिकार्ड रखा जाए तथा मुक्तिधाम परिसर में हेल्प लाइन तथा शिकायत निवारण के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नंबर स्थानों पर लेख कराया जाएगा। इसी प्रकार मुक्तिधाम में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता तथा नियमित रूप से पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

---

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**बिलासपुर**। 2री वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सकरी में पुलिस स्मृति दिवस पर बिलासपुर पुलिस रेंज की तीन इकाईयां जिला पुलिस बल बिलासपुर, मुंगेली, 2री वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र सकरी बिलासपुर, नगर सेना, बिलासपुर एवं जिला जेल, बिलासपुर पुलिस बैंड ने परेड का भव्य आयोजन कर शहीदों को सलामी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला ने 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 की अवधि में सम्पूर्ण देश में शहीद हुए अर्द्धसैनिक बल व पुलिस बल के जवानों की नामावली सूची का वाचन कर शहीदों को श्रद्धांजली देने के उपरांत परिजनों का सम्मान कर उनका कुशलक्षेम लिया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, एसपी मुंगेली भोजराम पटेल, सेनानी 2री वाहिनी छस बल सकरी से मनोज कुमार खिलारी भापुसे, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक डीएस राजपाल, सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक एचआर मनहर एवं टी एक्का, सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक सीडी टण्डन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं रामगोपाल करियारे, जिला सेनानी नगर सेना दीपांकुरनाथ सैमुअल, उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता केरकेट्टा, अनिता प्रभा मिंज, शिवचरण सिंह





परिहार एवं जिवेश तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक मुंगेली लालचंद मोर्य एवं संजय साहू, उप पुलिस अधीक्षक गौरेला पेण्ड्रा मरवाही श्याम कुमार सिदार, सहायक सेनानी 2री वाहिनी छस बल एचएल ध्रुव, सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं शहीदों के परिजन उपस्थित थे।

## कालेजों में होगी 3 नवंबर से पूरक परीक्षा

**बिलासपुर**। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा बीए, बीएससी, बीएचएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए भाग-दो व तीन के पूरक घोषित परीक्षार्थियों के लिए 3 नवंबर से पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। बिना विलंब शुल्क के साथ आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि 20 अक्टूबर को समाप्त हो गई है। अटल यूनिवर्सिटी पहले पूरक परीक्षा 13 अक्टूबर से आयोजित करने वाली थी। लेकिन पुनर्मूल्यांकन और



पुनर्गणना के नतीजे नहीं आ पाए थे इसलिए यूनिवर्सिटी को पूरक परीक्षा तिथि आगे बढ़ानी पड़ी। वैसे भी कालेज वाले एवं छात्रों द्वारा दीपावली त्यौहार के बाद पूरक परीक्षा आयोजित करने मांग की जा रही थी। इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने 3 नवंबर से पूरक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। पूरक परीक्षा तिथि बढ़ने के कारण पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि में दो बार बढ़ाई जा चुकी है। पहले पूरक परीक्षा फार्म आनलाइन भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक थी, जिसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर की गई थी। इसके बाद पूरक परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाकर बिना विलंब शुक्ल के साथ 20 अक्टूबर तक कर दी गई थी। इसी तरह पूरक परीक्षार्थियों द्वारा भरे गए आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म की हार्डकापी आनलाइन शुल्क भुगतान की रसीद एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज में 24 अक्टूबर तक जमा करना होगा। इसी तरह कालेजों को सारे दस्तावेज विधिवत अग्रेषित यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में 28 अक्टूबर तक जमा कराना होगा।

**बिजनेस प्लस**

## मलामाल थर्सडे में आलू प्याज की वापसी

**बिलासपुर**। शहर के प्रसिद्ध रिटेल चेन अपनामार्ट में मलामाल थर्सडे वापस आ गया है। गुरुवार 23 अक्टूबर को आलू और प्याज आधे से भी कम दामों पर मिलेंगे।




गौरतलब है कि पिछले मलामाल थर्सडे में आलू-प्याज़ के ऑफ़र न होने पर ग्राहकों ने इसकी जबरदस्त मांग रखी थी। ग्राहकों की डिमांड को ध्यान में रखते हुए अपनामार्ट इस मलामाल थर्सडे ऑफ़र में फिर से अविश्वसनीय दामों पर आलू और प्याज़ दे रहा है। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि आलू-प्याज ऑफ़र की लोकप्रियता को देखते हुए यह ऑफर वापस लाए हैं। हम अपने ग्राहकों से लगातार जुड़े हुए हैं और भविष्य में उनके लिए और भी बेहतर ऑफ़र्स लाते रहेंगे।

---

## पोंड़ी प्रीमियर लीग का खिताब जीता यंगस्टर ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पोंड़ी प्रीमियर लीग में चैम्पियन को हराकर यंगस्टर की टीम ने खिताब पर कब्जा किया है। व्यायाम शिक्षक अरुण दुबे ने बताया कि पोंड़ी प्रीमियर लीग का फाइनल मैच यंगस्टर और चैंपियन के मध्य खेला गया।

इसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चैंपियन इलेवन ने निर्धारित छह ओवर में 58 रन बनाकर 59 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यंगस्टर इलेवन ने मैच जीत लिया। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच देवा कश्यप, मैन ऑफ द सीरीज सुनील श्रीवास रहे। आयोजन ग्राम पोड़ी क्रिकेट मैदान पर गांव से ही छह टीमो का गठन कर लीग मैच शुरू किया



गया। समापन मैच के मुख्य अतिथि गांव की सरपंच श्रीमती सावित्री बाई राज और उप सरपंच परीक्षित रजक थे। इस अवसर पर रामेश्वर मानिकपुरी, हरिचरण मानिकपुरी, यशवंत सिरसो, मकसूद मोहम्मद, पूरन पोर्ते, जागेश्वर श्रीवास, युगल किशोर, बिट्टू दुबे, मनोज श्रीवास, योगेश सिरसो, राकेश कश्यप, किशन कश्यप, शैलेन्द्र यादव, रामचंद्र यादव, रंजीत कश्यप, सुरेन्द्र निर्मलकर, कादिर खान, अमृत निर्मलकर, अनिल निर्मलकर के अलावा खिलाड़ी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## कबड्डी प्रीमियर लीग : ट्रायल में शामिल हुए खिलाड़ी

**बिलासपुर**। कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग मे जगह बनाने ब्लाक के लगभग 300 से अधिक कबड्डी पुरुष खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की जिला कबड्डी संघ बिलासपुर के मार्गदर्शन मे कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन नवम्बर माह मे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए कोटा ब्लाक के सभी खिलाड़ियों के लिए पानी टंकी खेल मैदान खेलगॉव नवागॉव मे ट्रायल रखा गया, जिसमे लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराकर अपने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उसी प्रकार जो खिलाडी ट्रायल नहीं दे पाए थे, उनका ट्रायल मंगलवार को सराईपाली कोटा मे ट्रायल रखा गया, जिसमें 100 से अधिक खिलाड़ियों ने दमख़म दिखाया। कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग का तीसरा



संस्करण का आयोजन कोटा मे कोटा ब्लाक संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसमे चयनित खिलाड़ियों का पुरुष वर्ग मे 8 टीम बनाकर लीग कम नाक आउट पद्धति से मैच होगा। चयन ट्रायल के दौरान कोटा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष राय सिंह यादव, उपाध्यक्ष राम कुमार मरावी, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष धाम सिंह मरावी, सचिव नन्द कुमार धुर्वे, रतनपुर जोन प्रभारी धन सिंह पोर्ते, कोटा जोन प्रभारी हेम सिंह पोर्ते, बेलगहना जोन प्रभारी शिव शंभू जगत, शिव कुमार कैवर्त कोटा ब्लॉक संघ निर्णायक कैलाश पोर्ते, नन्द कुमार मरावी, गुलाब सिंह श्याम व चमरू कैवर्त विजय राज आदि उपस्थित थे।

